दैनिक प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
हिन्दी-अंग्रेजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 02 अंक :- 305 मुरादाबाद, 04 March 2023 (Saturday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## कर्नाटक में बोले अमित शाह- पूर्वोत्तर हो या यूपी...हर तरफ पीएम मोदी का जादू चल रहा है



बीदर (कर्नाटक), आनलाइन डेस्क। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कर्नाटक के बीदर में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर तंज कसा। शाह ने कहा कि इंदिरा गांधी ने निजलिंगप्पा को अपमानित किया। राजीव गांधी ने कद्दावर नेता वीरेंद्र पाटिल को एयरपोर्ट पर अपमानित किया। पार्टी के नेताओं का अपमान करने वाली कांग्रेस कर्नाटक का सम्मान कैसे करेगी

### दूरबीन लेकर भी दिखाई नहीं पड़ रही कांग्रेस

अमित शाह ने कहा कि कल ही कर्नाटक से हजारों किमी. दूर उत्तर पूर्व में (त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय) कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है। वह ऐसे हारे हैं कि दूरबीन लेकर भी दिखाई नहीं पड़ रहे हैं। कांग्रेस को नगालैंड में 0 सीट, मेघालय में 3 सीट और त्रिपुरा में सिर्फ 4 सीट मिली है।

### सिर चढ़कर बोलता है पीएम मोदी का जादू

शाह ने कहा कि कहा जाता था कि पूर्वोत्तर में भाजपा का प्रवेश नहीं हो सकता, वहां दूसरी बार ह्र्ठ और भाजपा की सरकार बन रही है। मोदी जी का जादू पूर्वोत्तर से लेकर गुजरात, उत्तर प्रदेश से लेकर कर्नाटक तक सिर चढ़कर बोलता है।

### 130 करोड़ लोग मोदी की लंबी आयु के लिए प्रार्थना कर रहे

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का स्तर दिन-प्रतिदिन गिरता जा रहा है। ये नारे लगा रहे हैं मोदी तेरी कब्र खुदेगी, आम आदमी पार्टी वाले कह रहे हैं मोदी तुम मर जाओ। ऐसा कहने से ईश्वर आपकी नहीं सुनेगा, क्योंकि देश की 130 करोड़ जनता मोदी जी की लंबी आयु के लिए प्रार्थना कर रही है।

### जेडीएस और कांग्रेस परिवारवादी पार्टियां

शाह ने जनता दल (सेक्युलर) और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, दोनों परिवारवादी पार्टियां हैं। ये कभी कर्नाटक का कल्याण नहीं कर सकती हैं।

सिद्धारमैया ने दिल्ली में रहने वाले एक परिवार के लिए एटीएम बनने के अलावा कुछ नहीं किया। उन्होंने भ्रष्टाचार के अलावा और कुछ नहीं दिया। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि ऐसे लोगों को कभी कोई मौका न दें और कभी भी अपने आप को जोखिम में न डालें।

## BJP विधायक का बेटा 40 लाख की रिश्वत लेते पकड़ा गया, ऑफिस और घर से मिले 7.7 करोड़ रुपये



करप्शन विंग को भाजपा विधायक के कार्यालय से 1.7 और घर से करीब छह करोड़ रुपये बरामद हुए हैं। लोकायुक्त को रिश्वत मांगने की शिकायत मिली थी। मदल विरुपक्षप्पा कर्नाटक साबुन और डिटर्जेंट लिमिटेड के अध्यक्ष हैं। कर्नाटक में लोकायुक्त की एंटी करप्शन विंग ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की। यहां भाजपा विधायक मदल विरुपक्षप्पा के बेटे को 40 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। विधायक के बेटे प्रशांत मदल को लोकायुक्त अधिकारियों ने उसके कार्यालय से रिश्वत लेते हुए पकड़ा। करप्शन विंग को भाजपा विधायक के कार्यालय से 1.7 और घर से करीब छह करोड़ रुपये बरामद हुए हैं। लोकायुक्त को रिश्वत मांगने की शिकायत मिली थी। लोकायुक्त की इस कार्रवाई के बाद मदल विरुपक्षप्पा ने कर्नाटक साबुन और डिटर्जेंट लिमिटेड के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया।

### बीमा निगम के अधिकारी को भी पकड़ा था रिश्वत लेते हुए

इसी तरह की एक घटना में मध्य प्रदेश लोकायुक्त की एक टीम ने 24 फरवरी को ग्वालियर में कर्मचारी राज्य बीमा निगम में तैनात एक क्लर्क को 5000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा था। आरोपी क्लर्क की पहचान शुभम गुप्ता के रूप में हुई थी। वह एमपीईबी ( मध्य प्रदेश बिजली बोर्ड ) में तैनात एक महिला संविदा कर्मचारी से उसके मातृत्व अवकाश के पैसे जारी करने के एवज में 5,000 रुपये की रिश्वत मांग रहा था। लोकायुक्त पुलिस उपाधीक्षक ( डीएसपी ) राघवेंद्र ऋषिश्वर ने कहा, एक महिला की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई।

### लगातार दो बार विधायक चुने जा चुके हैं मदल

मदल विरुपक्षप्पा लगातार दो बार दावणगेरे जिले के चन्नागिरी निर्वाचन क्षेत्र से विधायक हैं। उन्होंने 2018 के विधानसभा चुनाव में अपने हलफनामे में 5.73 करोड़ रुपये की संपत्ति का खुलासा किया था। 2013 के चुनावों में, उन्होंने 1.79 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की थी।


### इसी साल होना है विधानसभा चुनाव

कर्नाटक में इसी साल विधानसभा चुनाव होना है। ऐसे में लोकायुक्त की ये कार्रवाई चर्चा विषय बना हुआ है। बताया जाता है कि भाजपा विधायक के बेटे के खिलाफ हुई ये कार्रवाई चुनावी मुद्दा भी बन सकती है।

### साबुन और डिटर्जेंट लिमिटेड बोर्ड से विधायक ने दिया इस्तीफा

बेटे के घूस लेते पकड़े जाने के बाद भाजपा विधायक मदल विरुपक्षप्पा ने कर्नाटक साबुन और डिटर्जेंट लिमिटेड के बोर्ड से इस्तीफा दे दिया है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में उन्होंने कहा, मेरे परिवार के खिलाफ कुछ साजिश है। मैं नैतिक जिम्मेदारी के तहत इस्तीफा दे रहा हूं क्योंकि मेरे खिलाफ आरोप हैं।

## विशेषाधिकार हनन के मामले में रिटायर्ड आईएएस समेत छह पुलिसकर्मियों को एक दिन की सजा



विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए यह एक उदाहरण बनेगाविधायक सलिल विश्नोई के विशेषाधिकार हनन के मामले में विधानसभा ने रिटायर्ड आईएएस अब्दुल समद समेत छह पुलिसकर्मियों को आज रात 12 बजे तक के कारावास की सजा सुनाई है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए यह एक उदाहरण बनेगा। वाकया 15 सितम्बर 2004 का है। कानपुर के तत्कालीन विधायक जो हाल में विधान परिषद सदस्य हैं सलिल विश्नोई ने बिजली आपूर्ति को लेकर धरना दिया था और डीएम को ज्ञापन देना चाहते थे। उसी दौरान पुलिसकर्मियों ने उनके साथ अभद्रता और गाली गलौच कर अपमानित करते हुए लाठियां बरसाईं जिसमें विधायक के दाहिने पैर में फैक्चर आ गया जबकि वह शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे थे। यह मामला विशेषाधिकार समिति के सामने आया । परीक्षण और अवलोकन के पश्चात 28 जुलाई 2005 को समिति ने आरोपी पुलिसकर्मियों को दोषी करार दिया। इस प्रकरण को विधानसभा में पेश किया गया। आज सभी आरोपी विधानसभा में पेश हुए । आज सदन ने सर्वसम्मति से यह निर्णय विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना पर छोड़ा । उन्होंने अपना निर्णय सुनाया कि तत्कालीन कानपुर नगर के क्षेत्राधिकारी बाबू पुरवा अब्दुल समद, तत्कालीन थाना प्रभारी थाना किदवई नगर कानपुर नगर ऋषि कांत शुक्ला तत्कालीन काका देवा उपनिरीक्षक त्रिलोकी सिंह, कांस्टेबल छोटे सिंह, विनोद मिश्रा एवं कांस्टेबल मेहरबान यादव को 1 दिन के कारावास की सजा सुनाई जाए। इन सभी को विधानसभा स्थित लॉकअप में आज रात 12 तक रखा जाएगा।

## गजब हाल: पूर्व मंत्री याकूब की सील फैक्टरी पर बैंक ने दिया नौ करोड़ का लोन, हर कोई हैरान

मेरठ में पूर्व मंत्री याकूब कुरैशी पर गैंगस्टर 14 (ए) के तहत करोड़ों रुपये की संपत्ति को जब्त करने की कार्रवाई अटक गई है। एसएसपी रोहित सिंह सजवाण का कहना है कि अलफहीम मीटेक्स कंपनी में याकूब सहित उनके कई रिश्तेदार साझेदार हैं, जो गैंगस्टर के मुकदमे में नामजद नहीं हैं। इसलिए संपत्ति के हिस्सों के बारे में पता किया जा रहा है। पुलिस की जांच में सामने आया कि याकूब की सील पड़ी फैक्टरी को बैंक ने बिना जांच के ही नौ करोड़ रुपये का ऋण दिया है। बैंक अधिकारियों से भी पुलिस ने जवाब मांगा है।एसपी सिटी पीयूष सिंह के मुताबिक, 2019 में याकूब कुरैशी की फैक्टरी पर मेरठ विकास प्राधिकरण ने सील लगा दी थी। इसके बावजूद बैंक ने 2021-22 में याकूब कुरैशी की अलफहीम मीटेक्स कंपनी को 20 करोड़ रुपये का ऋण पास कर दिया था। इसमें नौ करोड़ रुपये बैंक से लिए जा चुके हैं। इसकी जानकारी पर पुलिस ने जांच की। इसमें बैंक की भूमिका पर सवाल उठे।बृहस्पतिवार को एसपी सिटी ने अपने कार्यालय में बैंक के अधिकारियों को बुलाकर इस बारे में जानकारी मांगी। पूछा गया कि सील पड़ी फैक्टरी पर कैसे ऋण पास हो गया। बैंक के अधिकारियों ने तीन दिन में जवाब देने समय मांगा है। वहीं, कोर्ट के आदेश से याकूब की फैक्टरी में रखा 58 फीसदी मीट रिलीज किया गया है, जबकि 42 फीसदी मीट को नष्ट करने के आदेश दिए गए हैं। बताया गया कि याकूब और उसके दोनों बेटे अभी जेल में बंद हैं।साझेदारी में फंसी कार्रवाई- 31 मार्च 2022 को याकूब की फैक्टरी में अवैध तरीके से मीट पैकिंग का भंडाफोड़ करके पुलिस ने याकूब, उनकी पत्नी संजीदा बेगम व दोनों बेटे इमरान, फिरोज सहित 17 लोग नामजद हुए थे। इसके बाद गैंगस्टर में याकूब परिवार नामजद हुआ।

## कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की तबीयत बिगड़ी, सर गंगा राम अस्पताल में हुई भर्ती



नई दिल्ली, ऑनलाइन डेस्क। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी स्वास्थय संबंधी परेशानियों का सामना कर रही हैं। गुरुवार को उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके कारण उनको सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, 76 वर्षिय सोनिया गांधी की स्थिति स्थिर है। अस्पताल द्वारा जारी हेल्थ बुलेटिन में कहा गया है कि बुखार के कारण वह अस्पताल में भर्ती हुई हैं। उनकी निगरानी और जांच की जा रही है।

### बुखार के कारण अस्पताल में हुई भर्ती

सर गंगा राम अस्पताल के ट्रस्ट सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ डी एस राणा ने कहा, कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को दो मार्च 2023 को चेस्ट मेडिसिन विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ अरूप बसु और उनकी टीम के तहत सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें बुखार है। उनकी निगरानी और जांच की जा रही है और उनकी हालत स्थिर है।

### इस साल दूसरी बार कराया गया अस्पताल में भर्ती

मालूम हो कि इस साल यह दूसरी बार है, जब उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इससे पहले जनवरी में सोनिया गांधी को वायरल श्वसन संक्रमण के इलाज के लिए दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## कैम्ब्रिज में राहुल गांधी के बयान पर भड़की भाजपा, अनुराग ठाकुर बोले- भारत को बदनाम करना उनकी आदत



अनुराग ठाकुर ने कहा कि कल के नतीजे दिखाते हैं कि कांग्रेस का सूपड़ा एक बार फिर साफ हुआ है। और ये रोने-धोने का काम राहुल गांधी एक बार फिर विदेश की धरती पर कर रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में दिए गए बयान पर भाजपा भड़क गई। पार्टी के नेता अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को राहुल के बयान को झूठा और भारत को बदनाम करने वाला बताया। उन्होंने कहा, कल के नतीजे दिखाते हैं कि कांग्रेस का सूपड़ा एक बार फिर साफ हुआ है। और ये रोने-धोने का काम राहुल गांधी एक बार फिर विदेश की धरती पर कर रहे हैं। जासूसी का शक तो पेगासस की जांच के लिए मोबाइल क्यों नहीं दिया

अनुराग ठाकुर ने कहा, ये पेगासस कहीं और नहीं उनके दिल और दिमाग में बैठा हुआ है। पेगासस पर क्या मजबूरी थी कि राहुल गांधी ने अपना मोबाइल जमा नहीं करवाया। वह नेता जो भ्रष्टाचार के मामले में जमानत पर है, ऐसा क्या था उनके मोबाइल में जो उनको अब तक छिपाना पड़ रहा है। उन्होंने और अन्य नेताओं ने अपना मोबाइल जमा क्यों नहीं करवाया।

### किसी और की नहीं तो इटली की पीएम की ही सुन लेते राहुल

खेल मंत्री ने कांग्रेस को घेरते हुए कहा, दुनियाभर में मोदीजी के नेतृत्व में भारत के प्रति जो सम्मान बढ़ा है, वह आज कोई और नहीं, दुनियाभर के नेता कह रहे। राहुलजी किसी और की नहीं, इटली की प्रधानमंत्री और उनके नेताओं की ही सुन लेते। इटली की पीएम ने कहा कि दुनियाभर में मोदीजी को जो प्यार मिलता है, जिस तरह वह दुनिया के लोकप्रिय नेता बन कर उभरे हैं। आज वह एक बड़े लीडर हैं। ये शायद राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी स्वीकार नहीं कर पा रही है।

### विदेशी धरती-दोस्तों को भारत के खिलाफ इस्तेमाल कर रहे राहुल

बार-बार झूठ बोलना, विदेशी धरती का विदेशी दोस्तों, विदेशी एजेंसियों का इस्तेमाल करना यह आदत बन गई है भारत को बदनाम करने की। यह नफरत राहुल गांधी की प्रधानमंत्री के प्रति तो हो सकती है, लेकिन देश को बदनाम करने की ये साजिश जो उनकी विदेशी धरती से, कभी विदेशी दोस्तों के जरिए होती है, यह प्रश्नचिह्न खड़ा करता है कि कांग्रेस का एजेंडा क्या है।

### चुनावों के नतीजे स्वीकार नहीं पा रहे राहुल

भाजपा नेता ने कहा, 卐पूर्वोत्तर चुनाव के नतीजे शायद राहुल गांधी को पहले से पता थे। लेकिन न वे लोगों के मैंडेट को स्वीकार कर पाए, शायद वह एक के बाद एक मिल रही हार को भी स्वीकार नहीं कर पा रहे। कल के नतीजे दिखाते हैं कि कैसे लोग बार-बार नरेंद्र मोदीजी की सरकार पर भरोसा दिखा रहे हैं।


## संपादकीय Editorial

### Falling growth rate

In the third quarter of the financial year 2022-23, October-December, our GDP growth rate has come down to 4.4 per cent. The growth rate had jumped to 13.2 per cent in the first quarter, April-June, and 6.3 per cent in the second quarter, July-September. Based on them, it was estimated that the average growth rate during the current financial year could be around 7 per cent, but to touch that level now, the rate should be more or less 5.1 per cent in the last quarter, January-March. The red signals are that economists estimate that the growth rate in the last quarter could be close to 4 per cent. This does not mean that after recovering our economy has again reached the state of diving. Internationally, India's growth rate is still in a much better position than countries like America, Germany, France, Japan etc. We are almost at par with China, but private consumption demand, government spending, exports and manufacturing declined during the third quarter, as a result of which the growth rate has also been affected. The purchasing power of the people has decreased, so the demand has decreased. Demand and consumption are complementary to each other. If the demand is less, then the factories will also reduce the production. As a result, employment will also be affected. A decline of 1.1 per cent has been registered in the manufacturing sector, while this rate was 11.2 per cent in the same quarter last year. Manufacturing is a very important component of GDP, as it is one of the largest employment generating sectors. Private consumption of the people has decreased by 2.1 percent, while government consumption expenditure has also decreased by 1.0 percent and net exports have also been reduced by 6.7 percent. The National Statistical Commission reports that the average inflation rate is 7.2 per cent, which is higher than the target. The inflation rate in the July-September quarter was 6.3 per cent. Inflation affecting the consumer directly can be understood in such a way that the price of cooking gas has been increased by Rs 50 per cylinder. Now this cylinder will be available in the capital Delhi for Rs 1103, which it has been made more expensive in other metros. Commercial cylinders have also been made costlier by Rs 350. Cereal prices have gone up by 15 per cent, while flour has become costlier by 40 per cent. Milk has also become costlier manifold. We have already done its complete analysis. Now the chances are such that there will be no respite from the food inflation this year. Of course, we are the fastest growing economy in the world, but we are the poorest among the G20 countries because we are a lower middle class economy. India can also become the third largest economy in the coming years leaving behind countries like Germany and Japan, but due to our economy and economic inequalities, our growth rate will also be affected. On issues like inflation, the central and state governments can sit together and discuss. Any common way can be found on agriculture also, but there is a lot of irresponsible politics in our country. Agriculture is considered a political activity in India. Agriculture has not been considered as an economic activity, while its growth rate was positive even during the Corona period. Of course, the government keeps on arguing that our GST collection is increasing, foreign exchange funds and investments are also increasing, but the common citizen is worried about inflation. It affects the economy as well as the growth rate. Commission, it can be said that India is rapidly losing its growth momentum, so it will not be possible to reach the growth rate of 7 percent in this financial year. The poor and middle class have been troubled due to inflation. There doesn't seem to be any solution to get out of this problem.

# Weather: Heat may increase under the effect of El Nino

NOAA estimates that El Niño conditions may form this year. This will not only increase the heat, it can also affect the monsoon. After nine years of continuous good monsoon in the country, now once again the conditions of 'El Nino' are being created. Due to this, the summer season in the country may remain dry and extremely hot this year. For this reason, more heat waves have also been predicted this year. But the worse news may be that due to the effect of El Nino, the monsoon may be spoiled. According to the latest forecast by the US weather agency 'National Oceanic and Atmospheric Administration' (NOAA), El Nino conditions may prevail between May and July this year and this may have an impact on the upcoming monsoon as well. In fact, this time in February, without realizing spring, the weather increased day by day and the country's north-west, central and west India to Delhi, Uttar Pradesh, Haryana, Punjab, Rajasthan, Gujarat, Madhya Pradesh and Maharashtra Conditions like 'heat wave' are being created in the states. A heat wave alert is triggered when the maximum temperature in plains exceeds 40 °C or more, while in hilly regions the maximum temperature exceeds 30 °C and in coastal areas it exceeds 37 °C. From this it seems that the conditions of the year 1998 can be created here. In 1998, India received 90.6 per cent rainfall, ie 9.4 per cent less than normal. When it is less than 10 percent of normal, it is declared as a 'mild drought' year in the definition of meteorology. According to the American Geoscience Institute, El Niño (and likewise La Niño) is related to periodic changes in sea surface temperatures in the Pacific Ocean. El Niño is a cyclical environmental condition that begins in the equatorial region of the Pacific Ocean. Simply put, El Nino is a natural phenomenon in which warm water from the Pacific Ocean spreads to North and South America and then increases the temperature all over the world. The most visible effect of El Nino is on the rainfall pattern. India's monsoon rains are also unable to survive its effect and because of this the rainfall is less. In this, the probability of normal rain is only up to 10 percent. Similar effect can also happen in Indonesia, Malaysia, Philippines and surrounding areas. Even in developing countries like India, almost all agriculture is dependent on rain. Due to less rains and less crop production, food problems may arise in front of a large section. In the poor countries of the continent of Africa, the situation can be even worse. Significantly, since last year the world is troubled by the problem of inflation. In the year 2023, the World Economic Forum has predicted a decline in inflation from 8.8 percent to 6.5 percent, but if the effect of El Niño is formed, then water can turn on this estimate and most of the world's regions can again get caught in the vicious cycle of inflation. Are. However, El Niño does not prove that drought will occur, because 40 percent of El Niños did not result in drought. There have been 10 such occasions in India since 1951, when El Nino caused drought. While there were many El Niños even when there was no drought. Many times such drought conditions were also created, due to which El Nino was not the reason. 10 per cent less rainfall than normal is mild drought, 15 to 20 per cent less than normal, moderate drought and less than 20 per cent severe drought. The worst El Nino in India was in 1972, when it received 24 per cent less rainfall than normal. After this, in 2009, when there was 22 percent less rainfall.



# CSR spending: Fund distribution uneven, country needs new CSR monitoring policy

In the period from 2014 to 2021, Rs 126938 crore was collected under this law, which was released from public sector companies apart from private industrial houses. Obviously, this amount of more than 1.25 lakh crore has been spent in the prescribed areas like education, health, culture, basic development, nutrition, rural development, social justice. The need for analysis and policy change of this money expenditure is being felt at this time because the distribution of this amount in the country is unequal. India is the only country in the world where CSR i.e. Corporate Social Responsibility has been made mandatory by law. This law makes provisions for spending some part of the profit earned from business activities socially. This law is applicable from 01 April 2014. Today, nearly a decade later, there is a need to reflect on this law and the experiences of its implementation. This law stands on the foundation of our thousand years old philosophy of life where charity and philanthropy have been aimed at ensuring opportunities for growth and flourishing to the genuine needy of the society. The CSR law does not apply only to Indian companies, but it applies to all foreign companies that operate in India. As per the law, a company with an annual net worth of Rs 500 crores or an annual income of Rs 1000 crores or an annual profit of Rs 5 crores is required to spend on CSR. This expenditure should be at least two percent of their average profit of 3 years. In the period from 2014 to 2021, Rs 126938 crore was collected under this law, which was released from private industrial houses and public sector companies. Obviously, this amount of more than 1.25 lakh crore has been spent in the prescribed areas like education, health, culture, basic development, nutrition, rural development, social justice. The need for analysis and policy change of this money expenditure is being felt at this time because the distribution of this amount in the country is unequal. Are the real needy people getting the benefits? - Relatively more real needy areas are not getting any special benefit from this. No doubt the law gives priority to local areas of industrial units for spending this amount but it is also a fact that the pace of overall development in India is very uneven geographically. States like Maharashtra, Gujarat, Karnataka, Telangana, Andhra Pradesh, Haryana are still ahead of other states in North India on almost all indicators of development. CSR funding figures seem to be increasing rather than reducing this uneven development. are coming 40% of the total CSR amount spent so far has been spent in only seven states. If pan India i.e. countrywide allotment is also added to this, then this figure goes up to 60. According to official figures, Delhi has spent Rs 4023 crore, Maharashtra 18605, Gujarat 6221, Karnataka 7160, Tamil Nadu 5437, Andhra Pradesh 5100 and Telangana Rs 2500 crore under CSR since 2014. These are the states where along with industrial development, other indicators including human standard of living are better than other states of the country. The total population of these states is also not the same in proportion to the expenditure. In the states of Uttar Pradesh, Bihar, Madhya Pradesh, Chhattisgarh, Orissa or the North East, the need for investment from basic development to social is still high, but the fact is that Uttar Pradesh with a population of 22 crores has a population of half that of Gujarat i.e. 3288 crores. Only funds could be found. Similarly, in Bihar this figure has been reduced to only 691 crores. More or less MP 1149, Chhattisgarh 1385, Bengal 2487, Jharkhand this figure is only 873 crores. Obviously, big industrial houses or companies in the service sector first increase the availability of local employment with the establishment of their units in already developed states and then also spend a large amount of CSR at the local level. On the other hand states like UP, Bihar, MP are not able to bring industrial investment for the state after lakhs of efforts, in this case these states have to depend on the all India allocation of this quota for CSR which is very less. Research and development also included - The government has made some amendments and added research and development to the CSR head, but no concrete work is visible in this direction. Another discrepancy is that big industrial houses have set up NGOs and trusts with their influence, in which universities, hospitals and skill development centers are also being run. It is just a diversion of money in a way. The government would be better off ensuring some major fundamental changes for CSR. For example, so far 75 percent of the total money has been spent on education, health and poverty, in these three areas all the governments are also spending money like water for the last 75 years. The expenditure of CSR funds in these areas actually seems to be duplicative. It would be good if a regulatory body is set up for CSR and the CSR amount across the country is compiled at one place. For the expenditure of this amount, an expert panel should be formed consisting of public representatives, civil society and officers. Apart from equal distribution of funds, this regulatory system should ensure creation of such infrastructure from CSR which proves the merit. his direction, then undoubtedly the concrete results for which the CSR law has been made will prove to be beneficial for the country. Rather, the current experience is proving a large amount of misuse of this fund, fraudulent appropriation and serving the interests of discredited NGOs. According to a data from the Ministry of Corporate Affairs, 60 per cent of the total CSR funds have been spent through implementing agencies ie NGOs. Presently, CSR Registry has 38199 registrations of working agencies. It is worth noting that no data is condensed with the Central Government at the State/Union level of the working agencies, that is, by which NGOs this huge amount is being spent, the certified accounting of the Corporate Affairs Ministry does not have.

# पाल महासभा ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन, कहा- हत्यारों को हो फांसी की सजा




मुरादाबाद- जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय पाल महासभा मुरादाबाद के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह के हत्यारों को फांसी की सजा की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया। साथ ही एक ज्ञापन जिला अधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कार्यकर्ताओं की मांग है कि प्रयागराज में हुई पूर्व विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल की हत्या में शामिल आरोपियों को फांसी की सजा दी जाए। अखिल भारतीय पाल महासभा की प्रदेश अध्यक्षा राजेश कुमारी पाल ने बताया कि जनपद प्रयागराज के पूर्व विधायक राजू पाल की हत्या के मुख्य गवाह उमेश पाल की हत्या कर दी गई है,

जिसमें आरोपियों को फांसी की सजा देने और आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलाने की मांग अखिल भारतीय पाल महासभा द्वारा की गई है। साथ ही सरकार द्वारा पीड़ित परिवार को एक करोड़ की आर्थिक मदद के साथ सुरक्षा मुहैया कराना व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष विनोद पाल, महानगर अध्यक्ष प्रदीप कुमार पाल, महानगर महामंत्री रीता पाल व उपाध्यक्ष नितिन पाल एडवोकेट, भूपेंद्र पाल, जिला महामंत्री नेपाल सिंह पाल, दीपक पाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# रंग एकादशी पर शोभायात्रा में उड़ा अबीर गुलाल, झांकियों का रहा आकर्षण



■ नगर विधायक रितेश गुप्ता ने नारियल तोड़कर शोभायात्रा निकाली, भाजपा नेताओं के साथ शामिल हुए शहर के नागरिक

मुरादाबाद- राष्ट्रीय पर्व होली समिति की ओर से शुक्रवार को खत्री धर्मशाला से रंग एकादशी पर शोभायात्रा निकाली गई। मुख्य अतिथि नगर विधायक रितेश गुप्ता और राष्ट्रीय पर्व होली समिति के महासचिव रवि मेहरोत्रा, अध्यक्ष श्याम खन्ना के नेतृत्व में निकली शोभायात्रा पानदरीबा, बर्तन बाजार, गुरहट्टी चौराहे से होकर गुजरी। रास्ते में जगह-जगह लोगों ने शोभायात्रा में शामिल लोगों का रंग गुलाल लगाकर स्वागत किया। होली गीतों पर धमाल मचाते हुए शोभायात्रा शहर के प्रमुख रास्ते से होकर बुध बाजार की ओर रवाना हुई। शोभायात्रा में अनुमति के पेच के चलते समिति के पदाधिकारियों ने नाराजगी जताई थी। इसीलिए तैयारियां असमंजस में पड़ गई। जिससे पिछले वर्षों के मुकाबले इस बार झांकी कम रही। केवल भोले की बारात और राधा कृष्ण की झांकी शोभायात्रा में शामिल रही। शोभायात्रा में भाजपा महानगर अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, निवर्तमान पार्षद गौरव श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। जिला और पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था बनाने में लगी रही। जिन रास्ते से होकर शोभायात्रा निकाली गई वहां पुलिस अधिकारियों के अलावा प्रशासन के अधिकारी और बड़ी संख्या में सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मी, पीएसी के जवान आदि तैनात रहे।

# पार्कों में योग प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास कार्यक्रम का सफल आयोजन के संबंध में बैठक सम्पन्न

मुरादाबाद -जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय पर पार्कों में योग प्रशिक्षकों के द्वारा योगाभ्यास कराये जाने तथा आयुष विधा ( आयुर्वेद, युनानी, होम्योपैथिक ) विशेषज्ञ के द्वारा चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराए जाने हेतु गठित संचालन समिति की बैठक आहूत की गयी। जिलाधिकारी ने पार्कों में योग प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास कराए जाने पर विशेष जोर दते हुए कहा कि शहर के साथ ही जनपद की सभी तहसीलों एवं नगर निकायों मुख्यालय पर भी योगा कैम्प कराए जायें। उन्होंने कहा कि जहां-जहां योग प्रशिक्षक एवं चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराए जाने हेतु चिकित्सक उपलब्ध नही है वहां इनकी व्यवस्था की जाये और जनपद में योगा करने वाले सभी कैम्पों को योजना से जोड़कर सफल बनाया जाये।

बैठक में डा0 आलोक कुमार मिश्रा क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं युनानी अधिकारी, श्री गौरव त्यागी योग प्रशिक्षक, श्री देवेन्द्र कुमार योग प्रशिक्षक, श्री हरिदत्त शर्मा पूर्व क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी मुरादाबाद, डा0 मीनू महरोत्रा प्रोफेसर एवं विभागध्यक्ष हिन्दू कालेज मुरादाबाद, डा0 संजीव आकांक्षी उपस्थित रहें।

# एआईसीसी में मुरादाबाद मंडल की धाक, चौपाल पर राजनीतिक पैंतरे की चर्चा




मुरादाबाद- अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी में मंडल की भागीदारी चर्चा में है। अबकी हर जिले को संगठन में जगह मिली है। मुरादाबाद इसमें सबसे आगे है। कांग्रेस के अंदरूनी हल्के में इसे लोक सभा चुनाव के लिए काफी अहम माना जा रहा है। यह दीगर बात है कि साल 2009 के बाद के चुनावों में पार्टी का प्रदर्शन ठीक नहीं रहा है। 2019 के चुनाव में पार्टी को पूरे देश में मुंह की खानी पड़ी थी। जबकि, मुरादाबाद मंडल में तो और दुर्गति हुई थी। विधान सभा चुनाव में भी यहां पार्टी का सूपड़ा साफ हो गया था।

उधर, छत्तीसगढ़ ( रायपुर ) के अधिवेशन से लौटे कांग्रेसी अभी से चुनावी रंग में सराबोर नजर आ रहे हैं। हालांकि अभी लोक सभा चुनाव होने में ठीक एक साल का समय बाकी है। यह सच है कि कांग्रेस की राजनीति में पूर्व सांसद बेगम नूर बानो, ओमवती, राशिद अल्वी ऐसे चेहरे हैं, जिनकी अखिल भारतीय पहचान है। सनद रहे कि विधानसभा चुनाव में मुरादाबाद खास चर्चा में रहा। क्योंकि संगठन की राष्ट्रीय महासचिव और प्रदेश की प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा का यहां ससुराल है। कई साल से कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति में भी मुरादाबाद चर्चा का विषय रहता है। इस बार एआईसीसी में यहां के चार सदस्यों के चयन को सियासत की चौपाल पर कई कोण से आंका और समझा जा रहा है। नगर निकाय के चुनाव में मेयर पद के उम्मीदवार रहे हाजी रिजवान कुरैशी को दूसरी बार मौका मिला है।

जबकि, पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद गुंबर को राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य चुना गया है। पूर्व विधायक फूल कुंवर और महानगर के पूर्व अध्यक्ष असद मौलाई को सदस्य नामित किया है। रामपुर की पूर्व सांसद बेगम नूर बानो का पद बरकरार है। जबकि, बेगम नूर बानो के कृपा पात्र मुतीउर्रहमान बब्लू, संजय कपूर, अरशद अली को सदस्य बनाया गया है। बिजनौर की पूर्व सांसद ओमवती की पुत्रवधू हेनरीता और जिलाध्यक्ष शेरबाज पठान, संभल से मरगूब आलम और अमरोहा के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद राशिद अल्वी को संगठन में जगह मिली है। राजनीतिक समीक्षक मानते हैं कि कांग्रेस की यह मिशन 2024 की तैयारी है।

समय रहते असरदार लोगों को संगठन की मुख्यधारा में जोड़कर पार्टी नियंता पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा का लाभ हासिल करना चाहते हैं।

कांग्रेस माइनारिटी सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद ( राज्य सभा सदस्य ) इमरान प्रतापगढ़ी कहते हैं कि यह मिशन 2024 का आगाज है। हम संगठन को गांव-गांव तक खड़ा करने की योजना पर कार्य कर रहे हैं। कांग्रेस के 85वें अधिवेशन में इसका मंत्र पार्टीजनों को दिया गया है।

मंडल हमारे संगठन के असरदार लोगों का क्षेत्र है। मुरादाबाद से ही दुनिया में भारत का डंका बजाने वाले क्रिकेटर अजहरुद्दीन पार्टी से सांसद रहे हैं।

# सपा सांसद बर्क बोले: अतीक के करीबी जफर पर हुई बुलडोजर की कार्रवाई गलत, BJP हिंदुस्तान के टुकड़े करना चाहती है



मुरादाबाद- मीडिया कर्मियों को दिए बयान में बर्क ने कहा कि देश में संविधान है और संविधान कानूनी कार्रवाई की पूरी इजाजत देता है। अगर कोई कानूनी तौर पर गलत काम करता है। अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहने वाले संभल के सपा सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क ने प्रयागराज में गैंगस्टर अतीक अहमद के करीबी जफर अहमद के घर पर चले बुलडोजर को गलत बताया है। कहा है कि अगर कोई कानूनन गलत है तो उसके खिलाफ कानून के दायरे में कार्रवाई होनी चाहिए। बुलडोजर की कार्रवाई जुल्म है। गुरुवार को अपने दीपा सराय स्थित आवास पर मीडिया कर्मियों को दिए बयान में कहा है कि देश में संविधान है और संविधान कानूनी कार्रवाई की पूरी इजाजत देता है। अगर कोई कानूनी तौर पर गलत काम करता है तो उसके खिलाफ कानून के दायरे में कार्रवाई होनी चाहिए। बुलडोजर घर पर चलाकर जुल्म नहीं करना चाहिए। आगे कहा कि जो लोग इस समय बुलडोजर चलाकर कार्रवाई कर रहे हैं और जब वह अपने पद पर नहीं होंगे तो क्या वह इस सफ ( कतार ) में खड़े नहीं होंगे। मुरादाबाद का नाम बदलने की मांग पर पूछे गए सवाल पर सांसद ने कहा कि 2024 का चुनाव नजदीक है। भाजपा हिंदू और मुस्लिम को लड़ाना चाहती है। देश का माहौल खराब है। हिंदुस्तान के टुकड़े करना चाहते हैं। शहर का नाम बदलने से क्या होगा। सवालिया लहजे में कहा कि हिंदुस्तान बदल जाएगा क्या?

# बाजार पर होली की खुमारी, अबीर-गुलाल संग बढ़ा उल्लास



मुरादाबाद- बाजार पर होली की खुमारी है। होली पर गुझिया और पकवान की बात न हो यह संभव नहीं। घरों में जहां अलग-अलग तरह के पकवान और गुझिया बनाने की तैयारी है, वहीं दुकानों पर रेडीमेड गुझिया और कई तरह की मिठाइयां सज गई हैं। 320 रुपये से लेकर 800 रुपये तक की कई किस्म की मिठाई और गुझिया की बिक्री हो रही है। बाजार में मावा अभी 300-400 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बिक रहा है। बढ़ रही मांग को देखते हुए दुकानदार कीमत बढ़ाते जा रहे हैं। बाजार में इस समय मावे से बनी गुझियों की मांग अधिक है। चंद्रकला गुझिया भी 750-800 रुपये प्रति किलोग्राम बिक रहा है। मीठी गुझिया में मावा भरकर और उसमें ड्राई फ्रूट मिलाकर बनाने के चलते उसकी कीमत अधिक है। इसलिए बहुत से लोग बाजार से मावा, मैदा, रिफाइंड और अन्य सामग्री खरीदकर घर में ही इसे बनाने में अधिक सुरक्षित और सेहतमंद मान रहे हैं। हरथला के पास एक दुकानदार ने बताया कि सूजी और मावा से बनी गुझिया के साथ ही ड्राईफ्रूट की मांग भी अधिक है। भुने काजू, बादाम, पिस्ता भी लोग खरीद रहे हैं। मिठाइयों में सूखी मिठाई अधिक पसंद की जा रही है।

## शुगर फ्री गुझिया की भी मांग बढ़ी, हो रही बुकिंग

मधुमेह से ग्रस्त लोग होली पर मिठाई खाने से परहेज करते हैं। ऐसे में उनके लिए शुगर फ्री गुझिया भी दुकानों के काउंटर पर उपलब्ध है। रामगंगा विहार तिराहे के पास एक प्रतिष्ठित मिष्ठान विक्रेता का कहना है कि उनकी दुकान पर मीठी और शुगर फ्री मिठाइयां मिलती हैं। गुझिया और अन्य मिठाइयां 400 से लेकर 1200 रुपये प्रति किग्रा की दर से बेच रहे हैं।

# आशियाना में पार्क और क्लब भवन का एमडीए दे रहा उपहार

मुरादाबाद- मुरादाबाद विकास प्राधिकरण अपनी संपत्तियों को जनोपयोगी बनाकर सार्थक कर रहा है। आशियाना योजना में पहले से बने पार्क और एमडीए के पुराने कार्यालय भवन के पास क्लब का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कराकर जन सामान्य के उपयोग के लिए बेहतर कर दिया है। होली के बाद इसे कभी भी लोकार्पित कर दिया जाएगा। इन महत्वाकांक्षी कार्यों से आशियाना कॉलोनी के हजारों लोगों के साथ अन्य नागरिकों को भी सहूलियत होगी। एमडीए के अध्यक्ष और मंडलायुक्त की जन कल्याण की सोच को सार्थक करते हुए प्राधिकरण के अधिकारियों ने आशियाना योजना में पार्क और क्लब का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कराया है। आशियाना में प्राधिकरण के अधिकारियों के आवास के पास पार्क जो उपेक्षित था साथ ही क्लब जर्जर हो रहा था, उसका जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कराया गया है। इस कार्य के होली के बाद पूरा होने पर लोकार्पित किया जाएगा। पार्क में सुबह शाम नागरिक अब हरियाली के बीच सैर कर सकेंगे। वाकिंग ट्रैक भी बनाया गया है। बच्चों के लिए झूला और बैठने के लिए लगे नये बेंच

मुरादाबाद। पार्क का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कराकर इसमें बच्चों के लिए झूले लगाए गए हैं। इसके अलावा टहलने के लिए ट्रैक और बैठने के लिए बेंच भी लगाये गये हैं। आकर्षक और रंग बिरंगे फूलों से पार्क का सौंदर्य बढ़ गया है। अब आसपास के लोग इसका लाभ पाएंगे। । जो पहले के उपकरण थे उसे ठीक कराया गया है। यहां पर अब लोग फुर्सत के पल बिताने के साथ खुद को फिट रखने के लिए कसरत कर सकते हैं। इसके अलावा क्लब के अंदर हरी घास और शौचालय आदि भी बनाकर इसे जनोपयोगी कर दिया गया है। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष या सचिव की ओर से निर्धारित रेट पर इसकी बुकिंग कराकर सार्वजनिक या निजी आयोजन भी कराया जा सकता है। प्राधिकरण की ओर से आशियाना योजना में पार्क और क्लब का जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण कराया गया है। पार्क में बच्चों के लिए झूले, बैठने के लिए बेंच, पेयजल की सुविधा करा दी गई है। वहीं, क्लब की रंगाई पुताई, मुख्य गेट और अंदर के कमरों, हॉल का जीर्णोद्धार करा दिया गया है। काम अंतिम चरण में है। होली के बाद इसे लोकार्पित कर सभी के लिए सुविधा प्रारंभ हो जाएगी।- राजीव पांडेय, सचिव, एमडीए

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

## उपकरणों को चलाने का अभ्यास करा आपातकालीन स्थिति से निपटने के बताए गुर, साथ ही परखी पुलिस लाइन परिसर की व्यवस्थाए

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं



एटा-शुक्रवार की परेड के उपरांत एसएसपी एटा ने दंगा नियंत्रण उपकरणों को चलाने का अभ्यास करा आपातकालीन स्थिति से निपटने के बताए गुर, साथ ही परखी पुलिस लाइन परिसर की व्यवस्थाएं आज दिनांक 03.03.2023 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह द्वारा पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउण्ड में माह के प्रथम शुक्रवार की परेड के दौरान सलामी के उपरान्त परेड का निरीक्षण कर उपस्थित सभी पुलिसकर्मियों को पुलिस विभाग में ड्यूटी के दौरान ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और जनता के प्रति सदव्यवहार बनाये रखने के निर्देश दिये गये, साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा द्वारा परेड के दौरान आधुनिक वेपन्स (हथियारों) के संचालन तथा रखरखाव के बारे में भी जानकारी देते हुए दंगा नियंत्रण के बारे में जवानों को बताया कि किस तरह दंगाईयों तथा बलवाइयों को नियंत्रित किया जाएगा। साथ ही मौजूद पुलिस कर्मियों को आधुनिक हथियारों तथा दंगा रोधी यंत्र, एंटी राइट गन, टियर गैस गन को चलाने के बारे में बताया।साथ ही एसएसपी की मौजूदगी में कराए जा रहे अभ्यास के दौरान पुलिस कर्मियों और टीम सदस्यों का हौसला देखते ही बन रहा था। परेड के उपरान्त पुलिस लाइन स्थित चिकित्सालय, परिवहन शाखा, क्वार्टर गार्ड, बैरिकों, आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान कुछ जगह खामियां मिलने पर प्रतिसार निरीक्षक को उनके शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया साथ ही भोजनालय आदि में बेहतर साफ-सफाई मिलने पर संबधित कर्मियों की सराहना की गयी। उक्त मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक श्री धनंजय सिंह कुशवाहा, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, समस्त शाखा प्रभारी तथा कर्मचारीगण, डायल 112 के कर्मचारीगण, क्यूआरटी तथा प्रतिसार निरीक्षक श्री हरपाल सिंह व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## गहरे रंगों से खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता प्रभावित होती है, जिनको खाने से त्योहार पर लोगों का हाजमा खराब हो सकता

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं



एटा- जिले के आठ ब्लॉक मुख्यालय और जनपद मुख्यालय के बाहर इन दिनों रंगीन कचहरी, चिप्स, पापड़ से पटे हुए है। जनपद मुख्यालय पर ही रंगीन कचरी, चिप्स, पापड़ के 150 से 200 फड़ सजे हुए है। इन फड़ों पर कुंतलों के हिसाब से कचहरी, पापड़-चिप्स सजे हुए हैं,
जिन पर 60 से 80 रुपये तक बिक रही है। आलू के चिप्स-पापड़ 200 रुपये किलो, मैदा, चावल और साबूदान के चिप्स, पापड़, कचरी के दाम भी आसमान छू रहे हैं। ऐसा ही हाल जनपद के नगरों, कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों का है। जहां फड़ों पर रंगीन कचरी सजी नजर आ रही है।

### अभियान में सजी की रंगीन 175 किलो कचरी

रंगीन कचरी, चिप्स-पापड़ में मिलावट रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने अभियान शुरू किया है। बुधवार को सहायक खाद्य आयुक्त-2 डॉ. श्वेता सैनी के निर्देशन में भगीपुर में छापामार कार्रवाई की गई।
कार्रवाई में टीम ने 175 किलों रंगीन कचरी को सीज किया। साथ ही सैंपल लेकर जांच को भेजा गया है।

### एटा-अलीगंज में मिलावटखोर दुकान बंद कर भागे

गुरुवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम पहुंचने से एटा और अलीगंज के मिलावटखोरों में हड़कंप मच गया। टीम पहुंचने की सूचना पर मिलावटखोर अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद कर भाग गए, जिससे टीम कुछ ही प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई कर सकी।

### अभियान में दो दिन भरे गये 15 सैंपल

एटा, होली त्योहार पर चलाये जा रहे अभियान में खाद्य सुरक्षा विभाग ने दो दिन में 15 सैंपल लिए हैं। साथ ही 175 किलो रंगीन कचरी सीज की है।
40 किलो दूषित मिठाई नष्ट कराई है। टीम ने बुधवार को पांच सैंपल लेने की कार्रवाई की। एटा-अलीगंज से दस सैंपल लिए गए हैं।

### मिलावट से बचने को घर में बना रहे मावा-चिप्स-पापड़

मिलावटी सामान का प्रयोग करने से बचने के लिए जागरूक लोग घर में ही खाद्य सामान तैयार कर रहे है।
घरों में महिला-बेटियां आलू, चावल, मैदा के चिप्स-पापड़ तैयार करने में लगी है। इसके अलावा पशुपालकों से दूध खरीदकर घरों में मावा तैयार कर होली के पकवान बनाये जा रहे हैं।

### खाद्य पदार्थ बनाने को 861 दिए लाइसेंस

जिले में खाद्य पदार्थ तैयार कराने को खाद्य सुरक्षा विभाग ने 861 लाइसेंस जारी किये हैं। लाइसेंस प्राप्त व्यापारी, दुकानदार भी मिलावटी सामान बेचने में लगे हुए है। इसके अलावा जनपद में 4696 खाद्य पदार्थ और सामान की बिक्री कराने वाले दुकानदारों ने भी विभाग में पंजीकरण कराये हैं।

## दामाद ने गड़ासे से किया था सास पर हमला, मौत

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं
एटा-दामाद, घरवालों के हमले में घायल महिला की आगरा में मौत हो गई। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के अनुसार धाराओं को तरमीम किया जा रहा है। थाना जसरथपुर के गांव गैसिंहपुर निवासी राजीव पुत्र कल्लू खां 27 फरवरी को पत्नी को पीट रहा था। बेटी को पिटता देख सास सलीमन (65) पत्नी भिकन्नू खां निवासी गैसिंहपुर थाना जसरथपुर पहुंची और बीच-बचाव करा दिया था। जिसके बाद वह घर पर आ गई थी। आरोप है कि रात में करीब साढ़े 11 बजे आरोपी नीरज, भाई राजीव, जीनुश, पिता कल्लू खां आ धमके। आरोपियों ने मिलकर सलीमन, बेटी सकीना, निशा पर हमला कर दिया। गढ़सा से हमला करने से सास सलीमन गंभीर घायल हो गई थी। जिनका आगरा में उपचार चल रहा था। गुरूवार को महिला सलीमन की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एसओ केके लोधी का कहना है कि घटना की रिपोर्ट उसी दिन मारपीट में दर्ज कर ली गई थी। महिला की आगरा में मौत हो गई। विवेचना में धारा को तरमीम किया जाएंगा।

## पत्र भेजकर मांगी गई है 1 करोड़ की रंगदारी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं



एटा-कासगंज में भाजपा बृजक्षेत्र अध्यक्ष से मांगी गई 1 करोड़ की रंगदारी, 1 करोड़ की रंगदारी ना देने पर बम से उड़ाकर काम तमाम करने की दी धमकी, एफआईआर दर्ज,पुलिस ने 2 लोगों को लिया हिरासत में, जांच में जुटी पुलिस। भाजपा बृजक्षेत्र के अध्यक्ष हैं रजनीकांत माहेश्वरी। पत्र भेजकर मांगी गई है 1 करोड़ की रंगदारी, रजनीकांत माहेश्वरी ने कासगंज कोतवाली में दर्ज कराई है एफआईआर। कासगंज स्थित रजनीकांत माहेश्वरी के आवास पर रजिस्टर्ड डाक से प्राप्त हुआ था रंगदारी मांगने का पत्र। एफआईआर के अनुसार पत्र में लिखा है कि 1 करोड़ नहीं दिए एक धमाका और काम तमाम हो जाएगा। रंगदारी और काम तमाम कर देने की धमकी भरे पत्र के बाद भाजपा नेता रजनीकांत माहेश्वरी ने दो आरोपियों - हैदर अली और साकिर के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई है।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं
सूरजपुर- कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा के निर्देश पर आज जिला शिक्षा अधिकारी रामललीत पटेल के द्वारा ठाढपाथर, बिहारपुर, मोहरसोप एवं डीएमसी शशीकान्त सिंह के द्वारा बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर, कैलाशपुर, सिलफिली, अजबनगर तथा कन्या हाई स्कूल बिश्रामपुर का हाई स्कूल परीक्षा केन्द्रों आकस्मिक निरीक्षण किया गया। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कूल 10 बोर्ड परीक्षा 2023 की शुरुवात हुई जिसके तहत सूरजपुर जिले में कुल 76 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। आज प्रथम दिवस हाई स्कूल मुख्य परीक्षा के तहत् हिन्दी (विशिष्ट) विषय की परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई। जिसमें सूरजपुर जिले से कुल दर्ज परीक्षार्थी-10747 में से कुल-10341 परीक्षार्थी उपस्थित हुए एवं कुल 406 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। किसी भी परीक्षा केन्द्र में नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुआ।

## भैयाथान एसडीएम ने बोर्ड परीक्षा केंद्र बिहारपुर का किया निरीक्षण




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं
सूरजपुर- सूरजपुर जिले के दूरस्थ क्षेत्र बिहारपुर में आज भैयाथान एसडीएम सागर सिंह ने बोर्ड परीक्षा केंद्र हाई सेकेण्डरी स्कूल बिहारपुर निरीक्षण किया जानकारी देते हुए बताएं में हाई सेकेंडरी स्कूल अंग्रेजी की परीक्षा हुई। जिसमें कुल 328 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। जिनमें 10 अनुपस्थित थे, कुल उपस्थित छात्र-छात्राएं 318 परीक्षार्थी परीक्षा दे रही थी। एसडीएम भैयाथान ने औचक निरीक्षण में परीक्षा शांतिपूर्ण गतिमान की प्रविष्टि की। इस अवसर केंद्र व्यवस्थापक तहसीलदार बिहार पुर संजय शर्मा ने बताया परीक्षाएं शांतिपूर्ण शासन की मंशा के अनुरूप चल रही है। अवसर पर परीक्षा प्रभारी आदि उपस्थित रहे।

## सपा नेता जुगेंद्र सिंह पर 25 हजार का इनाम घोषित

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं
एटा- पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं सपा के कद्दावर नेता जुगेंद्र सिंह यादव पर इनाम घोषित किया गया है। एसएसपी एटा की ओर से जारी किए गए आदेश में 25 हजार रुपये का इनाम तय किया गया है। वह दो वर्ष से वह फरार चल रहे है। पुलिस ने कई बाद दबिश भी दी है। घर पर नोटिस भी चस्पा किया गया जा चुका है। एसएसपी उदय शंकर सिंह ओर से जारी किए गए आदेश में कहा कि थाना अलीगंज में दर्ज एक महिला ने मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें मारपीट करने, पैसे लूटने तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप था। यह वर्ष 2021 में दर्ज हुआ था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी थी। पुलिस की ओर से लगातार दबिशें देने के बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी। कई बार पुलिस ने इनके घर पर पहुंचकर नोटिस भी चस्पा किए थे। इसमें पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जुगेंद्र सिंह यादव सहित परिवार के अन्य लोगों को भी नामजद किया गया था। एसएसपी उदयशंकर सिंह ने जुगेंद्र सिंह यादव पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है।

### यह था मामला

एटा। थाना अलीगंज में एक महिला ने 02 जून 2021 को मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें कहा कि वह डायबिटीज की दवा लेने के लिए जा रही थी। वह अकबरपुर कोर्ट के पास पहुंची थी कि दो गाडियां खडी थी। इनके नंबर प्लेट ढके हुए थे।
अपरहण करने के लिए मेरे पुत्र को गाड़ी में डालने के लिए खींच लिया। जब हमने विरोध किया तो जान से मारने के लिए फायर कर दिया। पर्स में रखे सात हजार रुपये भी लूट लिए। महिला का आरोप है कि मेरे कपड़े भी फाड दिए। आरोप था कि इससे पहले हमने इनके अन्य कई मामलों की शिकायत की थी। उस मामले का भी मुकदमा दर्ज कराया गया था॥ पुष्पेंद्र यादव तथा पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह यादव के पुत्र प्रमोद यादव को नामजद किया गया था।

## थम नहीं रहा पीएम आवास घोटाला में शिकायतों का सिलसिला

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं
एटा- पीएम आवास योजना (ग्रामीण) घोटाल में शिकायतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ग्राम प्रधान और सचिवों के खिलाफ आवासों से वंचित लोग प्रतिदिन प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायतें कर रहे है। पुन हो रही आवास जांच के बाद भी अपात्रों को सत्यापित कर योजना का लाभ दिया जा रहा है, जिससे योजना में पात्र होने का दावा करने वाले लोग का अन्य अधिकारियों से मामले की जांच कराने की अपील कर रहे है। ब्लॉक निधौलीकला क्षेत्र की ग्राम




पंचायत वसुंधरा निवासी कुसमा देवी ने पीएम आवास योजना में पात्र होने के बाद भी सूची में से नाम हटाए जाने के संबंध में संबंधित ग्राम प्रधान और सचिव की एडीएम प्रशासन आलोक कुमार के अलावा मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की है। महिला ने ग्राम प्रधान और सचिव पर आरोप लगाते हुए बताया कि ग्राम प्रधान एवं सचिव ने जो आवास आवंटन कराए है। उसमें अधिकांश लोग अधिकांश लाभार्थी अपात्र है, जो कि प्रधान के सगे संबंधी और उनके परिवार के ही लोग है। शिकायत कर्ता ने पीडी निर्मल कुमार द्विवेदी पर भी आरोप लगाया कि बीते दिन ग्राम पंचायत वसुंधरा में आवासों की पुन जांच करने आए पीडी ने ठीक ढंग से अपात्रों की जांच नहीं की है। अपात्रों को फिर से पात्र कर दिया। लोगों ही शिकायत पर संबंधित ग्राम पंचायतों में अपात्र लाभार्थियों की जांच कराई जा रही है। आज गांव सौंहार सहित अन्य पंचायतों में जांच अधिकारी भेजे गए है। उनकी रिपोर्ट के अनुसार दोषी ग्राम प्रधान और अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। जांच सभी ग्राम पंचायतों में चल रही है।-अवधेश कुमार बाजपेयी, सीडीओ एटा।

### आवास से वंचित लोगों ने की शिकायत,

एटा। गुरुवार को ब्लॉक सकीट की ग्राम पंचायत सौंहार के मजरा नगमई निवासी पुष्पेंद्र सिंह ने ग्राम प्रधान पर आरोप लगाते हुए सीडीओ डॉ. अवधेश कुमार बाजपेयी को लिखित शिकायती पत्र देकर बताया कि वर्ष 2016-2017 में पीएम आवास योजना के तहत उनके लिए आवास आवंटित हुआ था, जिसे उस समय मौजूदा ग्राम प्रधान मधू राठौर उनके पति प्रमोद सिंह राठौर ने सचिव के साथ आपसी साठ गांठ कर उनका आवास पंचायत के ही सुरेन्द्र सिंह चौहान को 60 हजार रुपये लेकर आवंटिक कर दिया। इसके साक्ष्य शिकायतकर्ता ने मौजूद होने का भी दावा किया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि इस मामले के संबंध में वह कई बार बीडीओ से भी शिकायत कर चुका है। उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। प्रकार ग्राम पंचायत के दूसरे व्यक्ति नवी आलम पुत्र नूर मौहम्मद ने सीडीओ को शिकायती पत्र देकर प्रधान और सचिव पर साठ हजार रुपया लेकर उनके लिए आवंटित हुआ अवास गांव के ही नबी आलम पुत्र छोटे अली को आवंटिक करने की बात कही

## केसीसी लोन का बंदरबांट नोटिस आने पर उड़े होश

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूं

एटा-केसीसी लोन की पीड़ित को बिना जानकारी दिए बैंक कर्मियों से सांठ-गांठ कर रूपये निकाल लिए। बैंक से नोटिस आने के बाद पीड़ित के होश उड़ गए। पीड़ित ने आरोपी, मैनेजर, फील्ड ऑफिसर, कैशियर पर कोर्ट के आदेश से रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली देहात के गांव भड़ैरा निवासी श्रीपाल ने कोर्ट के आदेश से रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि गांव का ही आरोपी कालीचरण का घर पर आना-जाना था। कुछ साल पहले आरोपी ने केसीसी लोन दिलाने की बात कहीं। पीड़ित आरोपी के झांसे में आया। आरोपी ने जमीन पर करीब साढ़े चार लाख का लोन स्वीकृत करा दिया। आरोपी ने पीड़ित को एक लाख दस हजार रूपये दिए। बाकी के तीन लाख 37 हजार रूपये धोखाधड़ी कर बैंक कर्मियों से मिलकर खाते से निकाल लिए। कुछ समय पीड़ित ने एक लाख 20 हजार रूपये जमा कर दिए थे। दो जनवरी को बैंक से नोटिस आया। करीब तीन लाख रूपये का जो लोन लिया था वह वापस नहीं किया है। नोटिस देखकर पीड़ित के होश उड़ गए। आरोपी कालीचरण को बताया। कालीचरन ने धमकी देते हुए भगा दिया। पीड़ित ने कालीचरण, तत्कालीन शाखा प्रबंधक, फील्ड ऑफिसर, कैशियर के विरूद्ध कोर्ट के आदेश से रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व में ही कार्यक्रम का हुआ आयोजन

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- प्रत्येक वर्ष 08 मार्च को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष 08 मार्च को होली पर्व होने के कारण पूर्व में ही स्पोर्ट्स स्टेडियम भिनगा में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नन्दी फाउण्डेशन द्वारा ''नन्ही कली'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का जिलाधिकारी नेहा प्रकाश एवं मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने मां सरस्वती जी के चित्र पर पूजन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये। जिस पर जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत भी किया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि



अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ''नन्ही कली'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होने कहा कि महिला दिवस का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा एवं महिला सशक्तीकरण की दिशा में आगे बढ़ाना है। उन्होने कहा कि आज के समय में एक सामाजिक परिवर्तन की जरूरत है जिससे महिलाओं के निर्णय स्वयं लेने की क्षमता का विकास होगा। और इसके लिए बहुत जरूरी है कि उनकी शिक्षा पर हम विशेष ध्यान दें और बिना भेदभाव के बेटों के साथ ही बेटियों को भी शत-प्रतिशत शिक्षित करें। यह बेटियां जब शिक्षित होंगी तो वह अपने आप आत्मनिर्भर हो सकेंगी।

इसके लिए महिलाओं के सशक्तीकरण हेतु सरकार द्वारा मिशन शक्ति अभियान का भी संचालन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाता है। इसी तरह बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं आदि योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, जिससे महिलाओं को आत्म सम्मान मिले और वे सशक्त बन सके।कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों को बढ़ावा देना है। विश्व के विभिन्न देशों में महिलाओं के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए इस दिन को महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों के उत्सव के रूप में मनाया जाता है। वर्तमान समय में महिलाएं लगभग सभी क्षेत्रो में पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही है, परन्तु पहले यह स्थिति नहीं थी, क्योंकि पहले महिलाओं को पढ़ने और नौकरी करने की आजादी नहीं थी

# बेसिक स्कूलों के बच्चों ने किया शैक्षिक भ्रमण, अवनीश प्रताप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रदीप कुमार गुप्ता
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बरेली - शैक्षिक भ्रमण में आई बी आर आई के संग्रहालय देख हुए अचंभित हुए बच्चे भ्रमण मे पशु चिकित्सा, उन्नत खेती, और वन्य जीव उद्यान को देखा और जानकरी प्राप्त की भ्रमण से बच्चों को बहुत ही लाभदायक जानकारी मिली। जिससे बच्चों की खुशी देखते बन रही थी। शुक्रवार को विकास खण्ड बिथरीचैनपुर से विज्ञान शिक्षा से कुल 10 स्कूलों से 5-5 बच्चे और उनके शिक्षक शैक्षिक भ्रमण के लिए भारतीय पशु अनुसंधान केंद्र इज्जत नगर




गए, जहां बच्चों ने सबसे पहले खेती से संबंधित जानकारी ली तथा कैसे कम जमीन मे अधिक लाभ प्राप्त हो, के सन्दर्भ में जानकारी ली। बाद में बच्चे पशु चिकित्सालय गए।जहां चिकित्सा से संबंधित और उपयोगी जानकारी प्राप्त की, इसके बाद में उन्होंने वन्य जीव सरंक्षण पर जाकर विभिन्न तरह के हिरन देखे, सूक्ष्म जलपान किया। बाद में बच्चों ने संग्रहालय में बहुत ही महत्वपूर्ण और उपयोगी चीजें देखी,तथा जानकारी ली । भ्रमण से बच्चे बहुत खुश दिखे, इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष नरेश गंगवार, मांडलिक मंत्री एंव ब्लाक अध्यक्ष के0सी0 पटेल अध्यक्ष यूपीएस ऋषि पाल सिंह, लालता प्रसाद, एफ0आर0पी0 देवेन्द्र कुमार डेविड, भगवान दास शीला गंगवार, सुखेंद्र, कन्हई लाल, सौरभ सहाय, एकता खन्ना, माहे मोबीन,सुषमा, प्रियदर्शनी, गेंदन लाल, सुहेल, राखी, नरेश चन्द्र, विकास, रीता बत्रा, शहला परवीन,सामिया कमाल सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

# दो दिवसीय एडूफियेस्टा का हुआ शुभारंभ

प्रदीप कुमार गुप्ता
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बरेली - सेठ एम0 आर0 जयपुरिया स्कूल, में शुक्रवार को दो दिवसीय卐एडूफियेस्टा卐 का भव्य शुभारंभ हुआ पहले दिन खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की ओर से नो चाइल्ड लेफ्ट बिहाइंड की नीति अपनाते हुए यह निर्णय लिया । विद्यालय का प्रत्येक विद्यार्थी कार्यक्रम में प्रतिभाग करेगा। खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल कृष्ण यादव द्वारा ओलंपिक खेलकूद प्रतियोगिता की तर्ज पर मशाल ( टार्च ) प्रज्जवलित कर किया गया ।विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर, अंकित अग्रवाल प्रधानाचार्या सरोजा सहदेवन एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, के. सहदेवन इराडी ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए उनके उज्जवल



भविष्य की कामना की। खेलकूद प्रतियोगता प्रारम्भ होने से पूर्व रंगारंग कार्यक्रम में प्रेरणादायक ( इन्सपिरेशन ) गीत एवं फॉरमेशन नृत्य के द्वारा किया गया। बाद में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसमें लॉगजम्प, 100म100 मीटर रेस, 100 मीटर रेस आदि खेल आयोजित किये गये। खेलकूद में विद्यार्थियों द्वारा पूर्ण उत्साह से प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों का उत्साहनवर्धन करते हुए उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा की और खेलकूद को जीवन का आधार बताया। शारीरिक स्वास्थ्य के लिए खेलकूद अनिवार्य है। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को विद्यालय में होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम और प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करना चाहिए। विद्यालय की प्रधानाचार्या सरोजा सहदेवन ने विद्यार्थियों के खेलकूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने एवं विजयी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों के शारीरिक विकास को बढ़ाने एवं बुद्धि के विकास में भी सहायक होता है। स्वस्थ्य विद्यार्थी ही अपनी शैक्षिक गतिविधियों में पूर्ण रूप से चिंतन एवं मन को एकाग्र कर भविष्य में सफलता प्राप्त कर सकता है। प्रधानाचार्या ने अभिभावकों एवं मौजूद अतिथियों को विद्यालय के विद्यार्थियों की प्रर्दशन की सराहना करते हुए उत्साहवर्धन करने के लिए धन्यवाद दिया। विद्यालय के अंकित अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के कार्यक्रम में आने के लिए एवं विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन किया।

# जिलाधिकारी ने फीता काटकर सूचना विभाग की प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

अरविन्द कुमार यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- प्रदेश के सूचना निदेशक शिशिर के निर्देशानुसार सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों से संबंधित तीन दिवसीय भव्य प्रदर्शनी का आयोजन जूनियर हाईस्कूल भिनगा परिसर में किया गया है, जिसका शुभारम्भ जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने फीता काटकर किया। इस प्रदर्शनी में केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का इसके माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाएगा तथा लोगों को इन योजनाओं का लाभ लेने हेतु जागरूक किया जाएगा। प्रदर्शनी के शुभारम्भ के दौरान जिला सूचना अधिकारी शिवनाथ ने अगुवानी कर स्वागत किया तथा जिलाधिकारी को प्रदर्शनी में केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा किये गए विभिन्न कल्याणकारी कार्य



एव संचालित योजनाओं, मुफ्त राशन, मुफ्त इलाज, युवाओं को नौकरी, एक्सप्रेसवे, मिशन रोजगार, सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास, महिला सशक्तिकरण, कृषि आदि से सम्बंधित आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन कराया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से वर्तमान सरकार के बहुत सारे कीर्तिमान स्थापित हुए हैं, उसकी थोड़ी-थोड़ी झलकियां इस प्रदर्शनी के माध्यम से आम नागरिकों के दिखाने के लिए यहां पर व्यवस्था की गई है। इस प्रदर्शनी में जी20, कोविड-19 टीकाकरण, ओ0डी0ओ0पी0, इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में विकास, एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, चिकित्सा के क्षेत्र में, प्रधानमंत्री ग्रामीण एवं शहरी आवास योजना, सौर ऊर्जा आदि जनकल्याणकारी योजनाओं की छोटी-छोटी झलकियां यहां पर इस प्रदर्शनी के माध्यम से देखी जा सकती है। कृषि तकनीकी जानकारी करके कृषि के क्षेत्र में कृषक लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की उपलब्धियों में कोई विकास का क्षेत्र छूटा नहीं है, इसमें सब समाहित किया गया है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से अवलोकन कर आम जनमानस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठायें। उन्होने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार के द्वारा अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। जिसका सीधा लाभ जन सामान्य को मिल रहा है। प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं व उपलब्धियों को प्रदर्शनी में अच्छे ढंग से दर्शाया गया है। यह प्रदर्शनी आमजन के लिये बहुत ही उपयोगी है। इसका अवलोकन कर आम आदमी प्रदेश सरकार द्वारा किए गए गत वर्षों के कार्यों/रिपोर्ट कार्ड की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इसके अलावा गरीब लोगों के उत्थान हेतु चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में भी आम लोग जानकारी प्राप्त कर उसका लाभ ले सकते हैं।

# दरबारी लाल शर्मा इण्टर कॉलेज में चल रहीं यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न

प्रदीप कुमार गुप्ता
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बरेली -रिठौरा- नगर के दरबारी लाल शर्मा इण्टर कॉलेज में चल रहीं यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई।परीक्षा में कुल पंजीकृत 612में549ने तथा इण्टर मीडिएट के छात्रों ने रंगीन फ़ोटोग्राफ़ी की परीक्षा दी।



जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विनय कुमार ने केंद्र का निरीक्षण किया। परीक्षा छूटने के बाद बच्चों ने जमकर होली खेली। द्वितीय पाली में इण्टर मीडिएट में संस्कृत के 15कृषि गणित 01के 40कृषि रसायन में 37बच्चों ने परीक्षा दी।इस मौके पर सेक्टर मजिस्ट्रेट डॉक्टर राजीव कुमार, केन्द्र व्यावस्थापक आशीष कुमार सिंह, डॉक्टर हरमीत सिंह,केन्द्र सहायक रघुवीर सरन, कुसुम गंगवार, डॉक्टर सर्वेश कुमार, डॉक्टर राजेश गंगवार, राजेश गंगवार पीटीआई, रावेन्द्र प्रताप सिंह, राजपाल ,दीपकमल सक्सेना, लोकेश कुमार, रामसिंह, रमेश चन्द्र,गिरिजेश बाला बन्दना यादव, अमरेश कुमार, रमेश गंगवार, कुलदीप गंगवार, दुर्गा सिंह काशिफा कय्यूम, दीप्ति राठौर, अतुल मौर्य, वरूण वर्मा ब्रजेश शर्मा, ओमकार ,विजय कुमार, वीरपाल सिंह,करने सिंह आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# अन्तर्जनपदीय पशु तस्कर पुलिस मुठभेड़ मे गिरफ्तार

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी जमुनहा सतीश शर्मा के कुशल निर्देशन में क्राइम ब्रांच व प्रभारी निरीक्षक रामपाल यादव थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती मय थाना स्थानीय की पुलिस टीम को मुखबिर की सूचना मिली कि पशु तस्करो का एक गिरोह ग्राम इंटवा टिकुइया मे पशुओं की चोरी/डकैती करने वाला है। इस सूचना पर पुलिस टीम



द्वारा मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान निकट नहर पुल वहदग्राम इंदवा टिकुइया के पास घेराबन्दी कर पुलिस मुठभेड़ में 04 अन्तर्जनपदीय पशु तस्करो को गिरफ्तार किया गया ।

प्रभारी निरीक्षक रामपाल यादव मय हमराह के साथ लक्ष्मनपुर बैराज पर मौजूद थे कि मुखबिर खास सूचना मिली की पशु तस्करो का एक गिरोह ग्राम इंदवा टिकुइया में चोरी/डकैती करने वाला है जो मल्हीपुर से कानीबोझी होते हुए ग्राम इंटवा टिकुइया आने वाला है । इस सूचना पर थाना स्थानीय व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम द्वारा इंटवा टिकुइया नहर पटरी पर आकर गिरफ्तारी हेतु गाड़ाबन्दी करते संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जाने लगी। इस दौरान एक पिकअप आती दिखाई दी, पिकअप पर सवार अभियुक्तगणो को कुछ भनक लगते ही अभियुक्तगण राजू व विनोद के ललकारने पर कि पुलिस वालो को मारो इस पर अभियुक्तगण सोनू, रक्षा राम व दादे द्वारा देशी तमन्चे से पुलिस पार्टी की तरफ जान से मारने की नियत से गोली चला दिया,

जिसमें पुलिस पार्टी बाल बाल बची, पुलिस पार्टी द्वारा आत्मरक्षार्थ किये गये फायर में अभियुक्त सोनू पुत्र मेवालाल निवासी दिनामगढ थाना इकौना जनपद श्रावस्ती के बांये पैर में गोली लगी। अभियुक्त को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मल्हीपुर भेजा गया जहां जिला अस्पताल भिनगा रेफर किया गया। पुलिस पार्टी पर जानलेवा हमला करने वाले गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध थाना मल्हीपुर में मुकदमा पंजीकृत किया गया है । पुलिस मुठभेड़ के दौरान 01 अभियुक्त दादे पुत्र रम्मपत निवासी दिननामगढ़ थाना इकौना, जनपद श्रावस्ती रात्रि का फायदा उठाते हुये पुलिस पार्टी पर फायरिंग करते हुए भागने में सफल हुआ जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमें लगा दी गई है ।

# खेलो इण्डिया महिला लीग का आयोजन 12 मार्च को लखनऊ में

प्रदीप कुमार गुप्ता
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बरेली - रिठौरा- खेलो इंडिया महिला लीग 2023 रीजनल सेंटर सांई लखनऊ में 12 मार्च से आयोजित की जा रही है ।इसमें 16 वर्ष से ऊपर की महिला धावक जिसकी आयु 2007 तक है ।वही प्रतिभाग कर सकती हैं द्य प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश एथलेटिक संघ के तत्वधान में किया जा रहा है,। उत्तर प्रदेश एथलेटिक संघ से मान्यता प्राप्त जिले एवं उनके रजिस्टर्ड खिलाड़ी ही प्रतिभाग कर सकते हैं ।कोई भी एंट्री व्यक्तिगत या ऑनलाइन नहीं करा सकता है ।संघ द्वारा प्रेषित चयनित लिस्ट ही मान्य होगी द्य प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए जिला एथलेटिक संघ बरेली की टीम का चयन 5 मार्च को प्रात: 10ः00 बजे आदेश नगर रिठौरा के खेल प्रांगण में किया जाएगा । इच्छुक खिलाड़ी अपना रजिस्ट्रेशन के लिए आधार कार्ड, फोटो वह आयु प्रमाण पत्र साथ लाएं

अधिक जानकारी के लिए साहिबे आलम, सचिव जिला एथलेटिक्स संघ से 7668151324 पर संपर्क कर सकते हैं ।

# India lost Test for the first time at Indore's Holkar Stadium, first defeat under the captaincy of Rohit Sharma

The Indian team lost in the third Test against Australia. The Kangaroo team won the match by nine wickets at the Holkar Stadium in Indore. In the second innings, he got a target of 76 runs to win. On the third day of the match (Friday), Australia reduced the margin of the series by scoring 78 runs for one wicket. India was leading 2-0 before the match. Now he has a 2-1 lead. Team India has lost for the first time in a Test match at Holkar Stadium. Earlier in 2016, he defeated New Zealand here by 321 runs. At the same time, in 2019, Bangladesh was defeated by an innings and 130 runs. Not only at the Holkar Stadium but under the captaincy




of Rohit Sharma, India got defeated in the Test for the first time. While captaining, he has won four out of five Tests. They have lost one match. No team has been able to touch the 200-run mark - India scored 109 runs in the first innings. At the same time, Australia had scored 197 runs. He got a lead of 88 runs. After this, the Indian team was all out for 163 runs in the second innings. He made a lead of 75 runs. In this way Australia got a target of 76 runs. In response, the Kangaroo team won the match by scoring 78 runs for one wicket in 18.5 overs. India will have to wait for the World Test Championship final - Australia's team became the first team to reach the final of the World Test Championship after this victory. Is. If the Indian team had won this match, it would have reached the final, but now it will have to wait. The final of the World Test Championship will be played at The Oval in England from June 7 to 11. Now he will have to win the fourth Test, otherwise he will have to depend on the results of the match between Sri Lanka and New Zealand. Nathan Lyon became the player of the match - This Test match was memorable for Australia's off-spinner Nathan Lyon. He took three wickets in the first innings and eight wickets in the second innings. He was given the Player of the Match award for taking 11 wickets in the match. He bowled more dangerously in the second innings. Leone dismissed Rohit Sharma, Shubman Gill, Cheteshwar Pujara, Ravindra Jadeja, KS Bharat, Ravichandran Ashwin, Umesh Yadav and Mohammed Siraj. Lyon did not allow the Indian team to take a big lead. This gave Australia a target of low runs. Indian bowlers did not run in the second innings. In the second innings, the fans of Team India expected that the trio of Ravichandran Ashwin, Ravindra Jadeja and Akshar Patel would make the match exciting. Ashwin did create a sensation by taking a wicket in the first over, but after that Marnus Labuschagne and Travis Head took the lead. Both the Indian bowlers yearned for wickets. Head remained unbeaten on 49 and Labushen scored 28 runs. Not a single run came out of Khwaja's batsman. Cheteshwar Pujara saved the shame - only Cheteshwar Pujara's bat worked for India in this match. In the first innings, only Virat Kohli and Shubman Gill were able to touch the figure of 20 runs. Kohli scored 22 and Shubman scored 21 runs. Team India got reduced to 107 runs. In the second innings, when everyone expected a better performance from India's legendary batsmen, one by one the players kept returning to the pavilion. It was Pujara who saved India's honour. He saved India from an innings defeat by scoring 59 in the second innings.

# Nathan Lyon wreaks havoc in Indore, breaks Anil Kumble's 15 year old record

Nathan Lyon wreaked havoc in the second innings on the second day of the match on Thursday (March 2). Taking a total of 11 wickets in the match, he broke former India captain



Anil Kumble's 15-year-old record. Nathan Lyon took 11 wickets in the third Test against India. He took three wickets in the first innings in Indore. After this, he took eight wickets in the second innings. Lyon wreaked havoc in the second innings on the second day of the match on Thursday (March 2). Taking a total of 11 wickets in the match, he broke the 15-year-old record of former India captain Anil Kumble. Lyon became the highest wicket-taker in Test matches between India and Australia. He had left Anil Kumble behind in this matter. Kumble took 111 wickets in 20 Test matches between India and Australia between 1996 and 2008. Lyon has taken 113 wickets in 25 Tests. Ravichandran Ashwin can leave him behind. Ashwin has taken 106 wickets in 21 Tests. Most wickets in Jadeja's name in the current series - Nathan Lyon has taken 19 wickets in the current series. Ravindra Jadeja is ahead of him. Jadeja has taken 21 wickets. Ashwin has 17 wickets in his account. Jadeja and Ashwin will have a chance to bowl in the third Test. Jadeja will have a chance to increase the difference of wickets. At the same time, Ashwin will be eyeing to leave Lyon behind. What happened so far in the Indore Test? - Indian captain Rohit Sharma won the toss and decided to bat first. Team India was reduced to 109 runs in the first innings. Australia scored 197 runs in their first innings. He got a lead of 88 runs. The Indian team was all out after scoring 163 runs in the second innings. Cheteshwar Pujara scored the highest 59 runs. Lyon took eight wickets. Mitchell Starc and Matthew Kuhneman got one success each. Leone dismissed Rohit Sharma, Shubman Gill, Cheteshwar Pujara, Ravindra Jadeja, KS Bharat, Ravichandran Ashwin, Umesh Yadav and Mohammed Siraj.

# All five teams announced captains, Australia's three and India's two players got command

A total of 26 matches will be played in the Women's Premier League, which runs from March 4 to 26. There will also be two playoff matches. The final match will be played at the Brabourne Stadium in Mumbai. The women's premiere is going to start from March 4, which will run till March 26. A total of five teams in this league are Royal Challengers Bangalore, Delhi Capitals, Mumbai Indians, Gujarat Giants and UP Warriors. The first match will be played between Gujarat Giants and Mumbai Indians at DY Patil Cricket Stadium in Mumbai. Before the start of WPL, all the teams have announced their captains. This time foreign players have been given more preference as captain than Indian players. While Indian Smriti Mandhana have been three star players Alyssa Mooney will be seen in the players have shown excellent international level. Now all of captains in this league. As a statistics at the international Harmanpreet Kaur is Indian women's cricket captain Mumbai Indians in first player to score more He has scored 3058 runs in Team India. This includes centuries. His highest score in 103 runs. Harmanpreet



players Harmanpreet Kaur and selected as captains, Australia's Healy, Meg Lanning and Beth role of captains. All the five performance at the them will enter the field as player, let's take a look at his level. Harmanpreet Kaur - currently the captain of the team. Harman is going to WPL. Internationally, she is the than 3000 runs in T20 format. 136 innings of 151 matches for one century and 10 half- the shortest format of cricket is Kaur is considered one of the best batsmen of India. Not only in batting but also in bowling, he has taken 32 wickets so far. Smriti Mandhana - Indian cricket team's opening batsman Smriti Mandhana will captain Royal Challengers Bangalore in WPL. As a player in T20 format, he has scored 2802 runs in 112 innings of 116 matches, which includes 22 half-centuries. He scored his highest score of 87 against Ireland in February this year. A total of two half-centuries also came out of her bat in the T20 Women's World Cup. Alyssa Healy - One of Australia's finest players, Alyssa Healy is set to captain UP Warriors in the WPL. In the T20 World Cup played only last month, Healy scored 189 runs in five matches at an average of 47.25 and a strike rate of 115.95. During this, two half-centuries also came out of his bat. In T20 format, Healy has scored 2489 runs in 141 matches with the help of one century and 14 half-centuries. Meg Lanning - Australian women's cricket team captain Meg Lanning is going to captain Delhi Capitals in WPL. Lanning has won five World Cup titles at the international level. Apart from being a successful captain, Lanning is also a great player. Meg Lanning's name is also included in the players who have scored more than 3000 runs in T20 format. Along with scoring 3405 runs in 121 innings of 132 matches, he has also taken four wickets in three innings. Beth Mooney- Gujarat Giants has handed over the captaincy of the team to Australian batsman Beth Mooney. Mooney recently scored 206 runs in six matches in the T20 World Cup at an average of 51.50 and a strike rate of 117.71. Beth Mooney's record in the T20 format has been impressive. He has scored 2350 runs in 77 innings of 83 matches at an average of 40.51, which includes 2 centuries and 18 half-centuries. A total of 26 matches will be played in the Women's Premier League, which runs from March 4 to 26. There will also be two playoff matches. The final match will be played at the Brabourne Stadium in Mumbai.

